तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 11 मार्च 2026



10 सम्यक बौद्ध महासभा का त्रिवार्षिक चुनाव, दिलीप ...



12 मनरेगा में काम नहीं मिलने से नाराज ...






## खबर संक्षेप



### दलदल से मवेशी को गौ सेवकों ने सुरक्षित निकाला

**गुण्डरदेही।** शासकीय कार्यालय के पीछे दलदल से भरा कीचड़ एक मवेशी के लिए खतरा बन गया तथा हरे चारे की तलाश मे कीचड़ में गई मवेशी कीचड़ से बाहर नही निकल पाई। जिसकी जानकारी गौ सेवको को होने पर मौके पर गौ सेवक पहुंचे और गौ माता को दलदल से बाहर निकाला। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के पीछे दलदल में फंसे मवेशी को गुण्डरदेही के गौ सेवक की टीम ने डोर के सहारे बाहर निकाल कर कृष्णा गौशाला भेजा गया।

### जिला सहकारी समिति की बैठक 20 मार्च को

**बालोद।** पीसीपीएनडी एक्ट अंतर्गत जिला सहकारी समिति की बैठक 20 मार्च को आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पीसीपीएनडी एक्ट अंतर्गत जिला सहकार समिति की बैठक 20 मार्च को दोपहर 01 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी में आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित होने को कहा है।

### इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन में रेसमन निषाद ने जीता कांस्य पदक

**बालोद।** जिला प्रशासन धमतरी जिला के कुरूद में स्थित एजुकेशन फाउंडेशन शिक्षण केन्द्र कुरूद में प्लंबिंग कोर्स के छात्र रेसमन निषाद ने 'इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन 2026 में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। डौंडी विकासखण्ड के ग्राम सिंघनवही निवासी रेसमन ने प्लंबिंग एंड हीटिंग ट्रेड में यह उपलब्धि हासिल की है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने उनके इस उलपब्धि की सराहना की। कलेक्टर मिश्रा ने रेसमन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

### जस झांकी व फाग प्रतियोगिता 14 से

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सिकोसा में दो दिवसीय जस झांकी एवं फाग प्रतियोगिता 14 से 15 मार्च शनिवार रविवार को रखा गया है। जिसमें जस झांकी प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये तथा व द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ पुरस्कार एवं फाग गीत प्रतियोगिता पर प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये व द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ पुरस्कार रखा गया है। उक्त जानकारी चन्देदेव सेन जानकारी दी।

### ओपन स्कूल का प्रवेश पत्र 12 से होगी वितरित

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2026 के लिए प्रवेश पत्र विकासखंड समन्वयक संस्था शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा को प्राप्त हो गए हैं। इन प्रवेश पत्रों का वितरण 12 मार्च से दोपहर 12:30 बजे से किया जाएगा। जानकारी देते हुए विकासखंड समन्वयक संस्था के संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य वीरेंद्र कुमार भंडारी ने बताया कि प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा करने की पावती साथ में लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 12वीं की परीक्षा 16 मार्च से हिंदी विषय के साथ प्रारंभ होगी, जबकि कक्षा 10वीं की परीक्षा 17 मार्च से हिंदी विषय से शुरू होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम एक घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से समय पर प्रवेश पत्र प्राप्त कर परीक्षा की तैयारी पूर्ण करने की अपील की है।

# सड़क पर ओवरलोड वाहनों का कहर, नियमों की उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्ली राजहरा की सड़कों पर इन दिनों ओवरलोड वाहनों का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। क्षमता से कई गुना अधिक सामान लादकर दौड़ रही भारी गाड़ियां न सिर्फ यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं। बल्कि आम लोगों की जान के लिए भी बड़ा खतरा बन चुकी हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश है।

दल्ली राजहरा में मुख्य सड़कों से लेकर आसपास के क्षेत्रों तक ओवरलोड गाड़ियों साफ दिखाई दे रहा है। ट्रकों में तय सीमा से कई गुना अधिक बोझ लादकर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। हाल ही में शहर के मुख्य मार्ग पर एक ट्रक में क्षमता से अधिक बोरियां लादकर ले जाया जा रहा था, जो सड़क पर खतरे का सबब बना हुआ था। ऐसे दृश्य अब शहर में आम हो चुके हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की ओवरलोडिंग के कारण सड़कों की हालत भी तेजी से खराब हो रही है और दुर्घटनाओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। बीते वर्षों में ओवरलोड वाहनों के कारण सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग सख्त कार्रवाई करने में असफल नजर आ रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 11 पर

## क्षमता से कई गुना अधिक सामान लादकर दौड़ रहे भारी वाहन

### समय-समय पर कार्रवाई

इस संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले कहते हैं कि समय-समय पर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलाया जाता है और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाती है। साथ ही लोगों से भी यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।



### ओवरलोडिंग नियम विरुद्ध

परिवहन विभाग के अधिकारी प्रकाश रावटे ने कहा कि ओवरलोडिंग पूरी तरह से नियमों के विरुद्ध है। विभाग द्वारा समय-समय पर जांच अभियान चलाकर ओवरलोड वाहनों पर जुर्माना लगाया जाता है। यदि कहीं से शिकायत मिलती है तो तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

- परिवहन विभाग अधिकारी प्रकाश रावटे

## कार्रवाई

अतिक्रमणकारियों को जारी किया गया था नोटिस

# बालोद में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर 97 अवैध कब्जों पर बड़ी कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद नूतन कंवर द्वारा नगर में अतिक्रमण के संबंध में कुछ दिनों पहले आयोजित की गई बैठक का असर देखने को मिल रहा है। जिसमें झलमला मुख्य चौक से पर्यावरण पार्क तक राष्ट्रीय राजमार्ग 930 सड़क के दोनों ओर विभिन्न अतिक्रमणकारियों द्वारा किये गये कब्जे को हटाने के संबंध में प्रशासन द्वारा कार्यवाही करते हुए मंगलवार को विभिन्न अवैध कब्जो पर बुलडोजर चलाकर कार्यवाही की गई।

बैठक में शासन प्रशासन के अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया था कि अतिक्रमण हटाने के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा चिन्हित अतिक्रामकों सहित अन्य अतिक्रामकों को मुनादी कराया जाकर तीन दिन में स्वतः अपना कब्जा हटाये जाने का आग्रह किया गया था। इसके बाद नियमानुसार बलपूर्वक कब्जा हटाये जाने की कार्यवाही की चेतावनी दी गई थी।

जिसका असर मंगलवार को देखने को मिला जिसके तहत सुबह से ही प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी पुलिस प्रशासन के जवानो के साथ मिलकर बुलडोजर के लेकर अवैध कब्जाधारी टीन रोड, अस्थायी दुकाने और पक्के चबूतरे को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन ने 97 अतिक्रमणकारियो को कुछ दिन पहले हुए बैठक के बाद नोटिस जारी कर दिया था तथा उन्हे नोटिस के तीन दिन के अंदर अवैध कब्जा हटाने की बात कही थी जिसके चलते कुछ लोगो ने स्वतः अपना अवैध कब्जा हटा लिया था लेकिन कई लोगो ने नोटिस के बाद भी अपना अवैध कब्जा नही हटाया था। जिसके कारण प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर के साथ अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही की।

### मार्ग से अवैध कब्जा को हटाया

इस दौरान कई जगह विरोध के स्वर उठे तथा कई लोगों के साथ प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियो की तिखी बहस के साथ नोक झोक देखने को मिली तथा कई जगह इसका विरोध भी किया गया। वही प्रशासन का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण के तहत ही मार्ग के दोनों ओर हुए अवैध कब्जा को हटाने के लिए प्रशासन इस कार्यवाही को अंजाम दे रही है। ताकी मार्ग के बीच डिवाईडर का निर्माण होने से मार्ग सकरा ना हो और मार्ग के दोनो ओर अवैध कब्जा को हटाकर मार्ग को और चौड़ा किया जा सके। इस दौरान पुरे कार्यवाही में कई लोगो ने पक्षपातपूर्ण कार्यवाही का भी आरोप लगाया तथा कार्यवाही के दौरान सभी को एक ही पैमाने पर कार्यवाही ना कर कई लोगों को इस कार्यवाही के तहत थोड़ा बहुत कार्यवाही कर छूट प्रदान करने का आरोप लगाते दिखे।

## सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए गायत्री परिवार ने सांसद नाग को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

गायत्री परिवार ट्रस्ट (गायत्री शक्तिपीठ) दल्ली राजहरा द्वारा मंदिर परिसर में सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए सहयोग की मांग को लेकर सांसद भोजराज नाग (सांसद, कांकेर लोकसभा) को ज्ञापन सौंपा गया।

सांसद के दल्लीराजहरा आगमन के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक हीरालाल पवार ने उन्हें गायत्री मंदिर प्रांगण में प्रस्तावित सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। ज्ञापन में बताया गया कि गायत्री शक्तिपीठ दल्ली राजहरा, जिला बालोद के प्रांगण में समाजोपयोगी गतिविधियों के संचालन हेतु एक सांस्कृतिक भवन की अत्यंत आवश्यकता है। इस भवन के निर्माण से युवाओं के लिए कौशल विकास, नारी जागरण, संगीत विद्या, जीवन विद्या, नशा मुक्ति अभियान तथा अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन सुचारू रूप से किया जा सकेगा। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से आने वाली नई पीढ़ी एवं युवाओं में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्र जागरण की चेतना को बढ़ावा मिलेगा।

इसलिए समाज हित में सांस्कृतिक भवन का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि प्रस्तावित सांस्कृतिक भवन का निर्माण लगभग 40×60 वर्गफीट क्षेत्रफल में किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए ▶▶| शेष पेज 11 पर

## संत श्री निरंजन ने राजा परीक्षित और कलयुग के प्रसंग से दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा



ग्राम सिकोला (गुरेदा) डगनिया में आयोजित भव्य श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन कथा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कथा वाचन आचार्य संत श्री निरंजन महाराज जी द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने भगवान की महिमा और धर्म के महत्व को विस्तार से बताया।

कथा के प्रारंभ में मंगलाचरण किया गया। इसके बाद आचार्य जी ने धर्म और पृथ्वी के संवाद का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि कलयुग के बढ़ते प्रभाव को देखकर धर्म और पृथ्वी के बीच जो संवाद हुआ, वह आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है। कथा के दौरान आचार्य जी ने बताया कि जब राजा परीक्षित ने कलयुग को एक असहाय बैल (धर्म) को मारते हुए देखा, तो वे क्रोधित हो गए और उसे दंड देने का प्रयास किया।

इसके बाद कथा में वह मार्मिक प्रसंग आया जब एक बार राजा परीक्षित ने क्रोध में आकर एक मृत सर्प को ऋषि के गले में डाल दिया। इस घटना से क्रोधित होकर ऋषि शमीक के पुत्र शृंगी ऋषि ने राजा परीक्षित को श्राप दे दिया कि सात दिनों के भीतर तक्षक नाग के डसने से उनकी मृत्यु हो जाएगी। श्राप मिलने के बाद राजा परीक्षित ने मृत्यु से भयभीत होने के बजाय मोक्ष प्राप्ति का मार्ग अपनाया। वे गंगा तट पर जाकर अनशन करने लगे और भगवान की कथा सुनने का संकल्प लिया। उसी समय वहां महामुनि श्री शुकदेव ▶▶| शेष पेज 11 पर

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज खो-खो व वॉलीबॉल चयन ट्रायल 11 को

**बालोद।** आल इंडिया सिविल सर्विसेज खो-खो एवं वॉलीबाल के चयन ट्रायल का आयोजन 11 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज खो-खो के चयन ट्रायल का आयोजन शारीरिक शिक्षा अध्ययन शाला खेल परिसर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में तथा वॉलीबाल प्रतियोगिता के चयन ट्रायल का आयोजन माधव राव सप्रे शासकीय उच्चतर माध्यमिक वॉलीबाल ग्राउण्ड रायपुर में सुबह 09 बजे से 10 बजे तक किया जाएगा।

## ग्रामीणों का आरोप : क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईंट भट्ठे, कार्रवाई नहीं, बढ़ रहा हौसला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- कई गांवों में बिना अनुमति संचालित हो रहे भट्ठे

ब्लॉक मुख्यालय के अधिकांश गांवों में धड़ल्ले से अवैध ईट भट्ठे चल रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि धड़ल्ले से चल रहे इस अवैध ईट भट्ठे को रोकने वाला कोई नहीं है, विभाग की उदासीनता के चलते हैं। भट्ठे की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, विभागीय द्वारा कार्रवाई नहीं होने से ईंट भट्ठा ठेकेदारों के हौसले बुलंद नजर आते हैं। जानकारी अनुसार ग्राम कुलिया, कनेरी, भेजा नवागांव, दरगहन, डोकला, मोखा, मुड़ गहन, ठेकवाडीह, बोहारडीह, टेंगनाबरपारा, दरगहन, छेड़िया, भरदा, सोरर, चिरचारी सहित अन्य गांव में ईंट भट्ठे अंबार है, जहां खुलेआम ईट भट्ठे संचालित हो रहे है। ईंट भटटो में पेड़ों की कटाई कर खपत की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खुलेआम बिना किसी परमिशन के अवैध रूप से ईंट-भट्ठे चल रहे हैं। ईंट बनाने वाले लोगों को खनिज विभाग व ग्राम पंचायत से एनओसी भी नहीं दी गई है। जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है। बावजूद खनिज विभाग जांच व कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## राजयोग मेडिटेशन से व्यसनों से पाया जा सकता है छुटकाराः बीके सरिता दीदी

# उपजेल बालोद में नशा मुक्ति अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






- राजयोग मेडिटेशन से व्यसनों से पाया जा सकता है छुटकारा-बीके सरिता दीदी

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन बालोद उपजेल में किया गया। जिसमें विशेष रूप से बीके. सरिता दीदी, बीके नेहा दीदी व बीके भोपसिंह साहू उपस्थित थे।

बीके सरिता दीदी ने कहा कि राजयोग मेडिटेशन ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा सिखाया जाने वाला एक आध्यात्मिक प्रयास है जिसमें आप इसके अभ्यास द्वारा सहज ही सब व्यसनों और अपनी बुराईयों से छुटकारा पा सकते है। क्योंकि जो व्यसनों से दूर है वे ही अपने आपको मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक एवं बौध्दिक रूप से सदाकाल के लिए स्वस्थ रख सकते है। राजयोग द्वारा हम अपने जीवन को सकारात्मक दिशा की ओर ले जा सकते है। उन्होंने बताया कि एक गांव में दो सगे भाई रहते थे जिसमें से एक भाई धनाढ्य संस्कारी और खुशहाल जीवन जी रहा था। लेकिन दूसरा भाई गरीबी चरित्रहीन शराबी जीवन बिता रहा था। एक व्यक्ति गरीब भाई के पास जाता है और पूछता है कि भाई आप ऐसे जीवन क्यों बिता रहे हो तो वह कहता है मेरे पिताजी बहुत शराब पीते थे मारते-पीटते थे तो मैं भी पीता हूं सब मेरे पिताजी की गलती है।

दूसरे भाई से जाकर पूछता है तो वह कहता है कि मेरे पिताजी बहुत शराब पीते थे जिससे घर में अशांति रहती थी और वे इसके सेवन की वजह से जल्दी शरीर छोड़ दिये मै नहीं चाहता कि मेरा भी ऐसा हाल हो इसलिए मैने प्रण लिया कि मै कभी भी शराबी जीवन नहीं बिताऊंगा।

बीके नेहा दीदी ने कहा कि नशा मतलब आदत निर्भरता लत। नशा शब्द सुनते ही एक पिक्चर हमारे मन में बनता है नाली में गिरा हुआ शराब पिया हुआ आदि। शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकु का चाय का भी नशा होता है, जो हमारे दिमाग पर असर कर जाता है वह है नशा। सबसे पहले जीवन में नशा चोरी से आता है और वह नशा जब जीवन के अंदर घुस जाता है तो वह सबके सामने नशा करने लगता है। घर में अगर कोई पिता, पति, बच्चा, भाई नशा करके ▶▶| शेष पेज 11 पर

## रसोइयों की कार्य पर लेने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संयुक्त संघ द्वारा मध्यान भोजन रसोईयो को हड़ताल के बाद पुनः कार्य में लेने बाबत ज्ञापन कलेक्टर को सौपा गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि छ.ग. मध्यान भोजन रसोईया में कार्यरत शरदा पति पुनाराम व टामिन पति टेमन, अनिता पति परमानंद प्राथमिक शाला ग्राम भिरई विकासखण्ड गुरूर जिला बालोद जो कि 29 दिसंबर से 25 फरवरी तक तुता नया रायपुर में अनिश्चित कालीन हड़ताल में थे। जिन्हे हड़ताल समयावधि में प्रधानपाठक एवं स्व. सहायता समूह ग्राम भिरई के द्वारा कार्य से पृथक कर दिया गया है। जिन्हे पुनः कार्य पर वापस लिया जाए। यदि समस्त रसोईयो को कार्य पर वापस नही रखा जाता तो ऐसी स्थिति में छ.ग. मध्यान भोजन रसोईया संघ जिला बालोद के द्वारा कलेक्टर कार्यालय एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# 924 रुपए का गैस सिलेंडर अब मिलेगा 984 रुपए में, कांग्रेस ने विरोध में फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸दुर्ग

घरेलू रसोई गैस सिलेंडर में 60 रुपये और कमर्शियल गैस सिलेंडर में 115 रुपये की मूल्य वृद्धि के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के बैनर तले उग्र प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण राकेश ठाकुर, शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल एवं भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के संयुक्त नेतृत्व में पटेल चौक में कांग्रेसी जुटे। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इसके बाद पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन कर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि को आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ बताया।

बता दें कि 7 मार्च से पहले जिले में रसोई गैस की कीमत 924 रुपए थी। 7 मार्च के बाद यह बढ़कर 984 रुपए हो गई है। इसके विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। इधर 1 मार्च को जो इनवाइस काटा गया है, उसकी डिलीवरी 7 मार्च या इसके बाद नई कीमतों के आधार पर की जा रही है। इसे लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी है। उनके द्वारा गैस एजेंसी पहुंचकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

## गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का पटेल चौक में उग्र प्रदर्शन

### केंद्र सरकार की नीतियों का असर आम आदमी पर पड़ रहा

कांग्रेस के दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज आम आदमी की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता को अब गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाकर और अधिक परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय भाजपा ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन आज महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन कठिन हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 500 में गैस सिलेंडर देने का वादा करने वाली भारतीय जनता पार्टी आज जनता को मुंह दिखाने के लायक नहीं रह गई है। चुनाव के समय किए गए वादों से भाजपा पूरी तरह मुकर गई है और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।



### महंगाई अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच रही, सरकार का नहीं ध्यान

दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर में 60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर में 115 की बढ़ोतरी से आम नागरिकों के साथ-साथ छोटे होटल, ढाबा संचालक और व्यापारियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता त्रस्त है। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झूमाझटकी और हल्की धक्का-मुक्की की स्थिति भी देखने को मिली। इस अवसर पर आरएन वर्मा, निर्मल कोसरे, महेंद्र वर्मा, विशाल देशमुख, योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, शिवकुमार वर्मा, दर्शन सिंह, जागेत्री साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### अफीम के मामले में निष्पक्ष जांच की जाए

**दुर्ग।** समोदा में अफीम का मामला सामने आने के बाद निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग उठ रही है। इसे लेकर कांग्रेस की महामंत्री निकिता मिलिंद ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि यह प्रशासनिक सिस्टम की बड़ी चूक है। इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अगर यह सच है तो यह सिर्फ़ एक व्यक्ति का अपराध नहीं, बल्कि भाजपा के सुशासन की असली तस्वीर है, जहां सत्ता के संरक्षण में कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। कांग्रेस इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करती है, ताकि सत्ता के नशे में पल रहे ऐसे कारनामों का सच सामने आ सके। भाजपा नेता अफ़ीम उगा रहे हैं और सरकार सब कुछ देख रही है। प्रदेश की जनता इसे बर्दाश्त नहीं करेगी।

### रोली को पीएचडी की उपाधि



**भिलाई।** रोली ओझा मिश्रा को प्राणिविज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उनका शोध कार्य डॉ. चेतना रहांगडाले के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। शोध प्रबंध का मूल्यांकन बाह्य विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण तोमड़, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, स्नातकोत्तर प्राणिविज्ञान विभाग, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वायत्तशासी कॉलेज भोपाल द्वारा किया गया।

### आदित्य को पीएचडी की उपाधि



**दुर्ग।** हेमचंद यादव विवि के शोधार्थी आदित्य नारंग को दुर्ग संभाग के नगर निगम क्षेत्र में महिला स्वयं सहायता समूहों के विकास में बैंकिंग-नॉन बैंकिंग साख की भूमिका का अध्ययन विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। शोध के निर्देशक डॉ. विजय कुमार वासनिक, सहायक प्राध्यापक शा. कन्या कॉलेज तथा सह-शोध निर्देशक डॉ. एसएन झा, प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष, शासकीय महाविद्यालय दुर्ग के निर्देशन में प्राप्त किया गया। शोधार्थी की मौखिक परीक्षा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के टैगोर हॉल में संपन्न हुई।

## बीएसपी कर्मचारी कहां करें विवाह समारोह व सांस्कृतिक आयोजन

# टाउनशिप के जर्जर हो चुके इस्पात क्लबों के रिनोवेशन की योजना ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

टाउनशिप के सभी सेक्टरों में वर्षों पूर्व बने जर्जर इस्पात क्लबों के संधारण की योजना ठंडे बस्ते में है। रिनोवेशन नहीं होने से बीएसपी कर्मचारियो को सामाजिक आयोजनों के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यूनियनों ने जल्द सभी सेक्टरों के इस्पात क्लबों का कायाकल्प किए जाने की मांग की है।

टाउनशिप के सभी चौदह सेक्टरों में भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही सामुदायिक भवन इस्पात क्लबों का निर्माण किया गया था। पिछले पचास साठ साल के दौरान अधिकतर क्लब के भवन जर्जर हो चुके हैं। इसके साथ ही यह भवन छोटे होने के कारण के कारण विभिन्न आयोजनों के लिए कर्मियों को कई तरह की परेशानी हो रही है। इसे देखते हुए यूनियनों के लगातार मांग पर बीएसपी द्वारा पिछले सालसभी सेक्टरों के क्लबों के भवनों का रिनोवेशन किए जाने की योजना बनाई गई थी। लेकिन अब तक इनका संधारण शुरु नहीं किया गया है। इसके चलते कर्मचारियों को परिजनों के विवाह समारोह, बर्थ डे पार्टी आदि सामाजिक , सांस्कृतिक आदि कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए निजी भवनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सीटू के जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि निजी भवनों का रेट अधिक होने से कर्मियों को परेशानी हो रही है। सभी सेक्टरो के भवनों का संधारण जल्द किया जाए।

## महंगे निजी भवनों को लेने मजबूर



### खुले में आयोजन करने मजबूर

गौरतलब  हो कि डेढ़ दो दशक पूर्व तक बीएसपी कर्मचारी विभिन्न सेक्टरों में बने इस्पात क्लबों में आयोजन किया करते थे। परिजनों के शादी ब्याह, बच्चों के बर्थ डे मेरिज एनवर्सरी आदि आयोजनों के अलावा ड्यूटी से लौटने के बाद यहां जुटते थे और कैरम आदि खेला करते थे। लेकिन जर्जर होने से अधिकतर क्लबों के भवन उपेक्षित हैं। छोटे होने के कारण बीएसपी कर्मचारी परिजनों के विवाह समारोह सेक्टरों के खुले मैदानों में करने भी मजबूर हो रहे हैं। कर्मियों ने बताया कि मैदानों में विवाह समारोह के आयोजन से अंधड़ बारिश और खाने आदि के सामानों की चोरी की समस्या बनी रहती है।

### अफसरों के लिए सर्व सुविधायुक्त दो क्लब हैं

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में बीएसपी अधिकारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त और मनोरंजन से भरपूर दो क्लब हैं। सिविक सेंटर मैदान में भिलाई निवास के पास भिलाई क्लब और सेक्टर 8 में स्टील क्लब है। दोनों क्लबों में अफसरों के मनोरंजन के लिए स्वीमिंग पूल, बैडमिंटन कोर्ट, बार, एलईडी टीवी, कैरम हाल, कैंटीन और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए कैंपस व स्टेज है। भिलाई क्लब में तो लान टेनिस कोर्ट भी है। दोनों क्लबों में बालीवुड के गायकों के स्टेज शो भी होते हैं। वहीं दूसरी ओर कर्मियों के लिए बनाए गए इस्पात क्लब जर्जर और उपेक्षित पड़े हुए हैं। खिड़की, दरवाजे, जर्जर हैं कांच टूट चुके हैं फेन भी टूटे हुए हैं। यूनियनों के मुताबिक सिर्फ सेक्टर 7 के क्लब के भवन को रिनोवेट किया गया है। इसके पूर्व सेक्टर पांच क्लब पहले ही संधारित है।

# छग मुक्ति मोर्चा ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸डौंडीलोहारा

- किसान, मजदूर और बेरोजगारों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने की अपील

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर, जिला किसान संघ के जिलाध्यक्ष गेंद सिंह ठाकुर तथा छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अध्यक्ष सोमनाथ ऊईके के नेतृत्व में विभिन्न किसान-मजदूर संगठनों के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं और विभिन्न मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति, नई दिल्ली के नाम अनुविभागीय दण्डाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारत सरकार से अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करने की मांग की गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह समझौता देश के हितों, कृषि क्षेत्र और किसानों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि भारत आयात शुल्क को शून्य कर देता है और अमेरिका भारतीय उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाता है तो इससे भारतीय किसानों और उद्योगों को नुकसान होगा। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि ऐसे असमान व्यापार समझौते पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे किसानों के लिए और अधिक कठिनाई पैदा कर सकते हैं। संगठनों ने मांग की कि किसानों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जाए तथा बेमौसम बारिश, अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के लिए प्रभावी योजनाएं लागू की जाएं।

इसके अलावा संगठनों ने मजदूर विरोधी बताए जा रहे चार श्रम संहिता कोड को तत्काल रद्द करने, बिजली विधेयक के तहत स्मार्ट मीटर योजना को समाप्त करने तथा बीज विधेयक को निरस्त कर किसानों को अपनी कृषि उपज के संग्रहण की स्वतंत्रता देने की मांग भी की है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पुराने रोजगार गारंटी अधिनियम में किसी प्रकार का परिवर्तन न किया जाए और मनरेगा कार्यों में ऑनलाइन फोटो एवं उपस्थिति की प्रक्रिया को बंद किया जाए। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसान, मजदूर, छात्र, बेरोजगार और समाज के अन्य वर्गों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सरकार को इन मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### सेटअप अनुसार कर्मचारियों की भर्ती करने की मांग

**दुर्ग।** शासन द्वारा नित नए अनुविभाग, तहसील, उपतहसील एवं अन्य शासकीय कार्यालय आरंभ किया जा रहा है परंतु सेट अनुसार विभागों में कर्मचारियों की नियुक्ति शासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि वर्ष 2026-27 में अधिकांश विभागों में कर्मचारियों की बहुतायत में सेवानिवृत हो रही है।

# किसी भी संगठन की असली शक्ति हैं उसके कार्यकर्ता : सुरेन्द्र कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▸▸दुर्ग

- प्रशिक्षण महा अभियान को लेकर विसस्तरीय बैठक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर विधानसभा स्तर पर बैठकें हुईं। यह बैठकें जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय में आयोजित की गईं।जिला भाजपा संगठन के अंतर्गत आने वाले दुर्ग शहर विधानसभा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा, पाटन विधानसभा और साजा विधानसभा के दो-दो मंडलों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी प्रशिक्षण अभियान वर्ग की रूपरेखा, संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजित बैठकों में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, प्रशिक्षण अभियान टोली  जिला संयोजक, जिला महामंत्री दिलीप साहू,जिला उपाध्यक्ष एवं टोली सदस्य




शिवेंद्र परिहार, पूर्व महापौर एवं टोली सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं टोली सदस्य तेखन सिन्हा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि किसी भी संगठन की असली शक्ति उसके कार्यकर्ता होते हैं। एक मजबूत संगठन का निर्माण प्रशिक्षित, समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं के बल पर ही संभव होता है। बैठक में विनोद अरोरा, उपाध्यक्ष, हर्षा चंद्राकर, सरिता मिश्रा, राजीव पांडेय, मंत्री गिरेश साहू, शैलेंद्र शैंडे, गायत्री वर्मा,  शैलेंद्री मांडवी, नवीन पवार,  ओमप्रकाश सेन, ध्रुव सचदेव, सैयद आसिफ अली, राहुल पंडित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रमिक सम्मेलन आज, शिक्षामंत्री होंगे शामिल

**दुर्ग।** श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों के हित में 10 मार्च को श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में सुबह 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेंगे। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सम्मेलन के दौरान छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित श्रमिकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरित की जाएगी। इसमें मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री सायकल सहायता योजना शामिल हैं।

### रोजगार मेला 12 को, 145 पदों में होंगी भर्तियां

**दुर्ग।** जिला रोजगार कार्यालय मालवीय नगर चौक में 12 मार्च को सुबह 10:30 बजे से प्लेसमेंट केम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में निजी क्षेत्र के दो नियोजकों से प्राप्त इलेक्ट्रिक मीटर टेक्निशियन 125 पोस्ट एवं सेल्स प्रमोटर 20 पोस्ट कुल 145 रिक्त पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। सभी पदों हेतु वेतन 14000 से 20000 रुपए तक है, ईपीएफ, मेडिकल, इंसेंटिव एवं पेट्रोल इत्यादि की सुविधा दिया जाएगा। 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं कोई भी स्नातक शैक्षणिक योग्यताधारी प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित हो सकते हैं।

# सम्यक बौद्ध महासभा का त्रिवार्षिक चुनाव, दिलीप बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸दल्लीराजहरा

- नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ


दल्ली राजहरा में सम्यक बौद्ध महासभा का त्रिवार्षिक चुनाव 8 मार्च 2026 को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। डॉ. अंबेडकर मेमोरियल भवन में प्रातः 8 बजे से संध्या 4 बजे तक आयोजित इस चुनाव में समाज के बौद्ध उपासक-उपासिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मतदान के माध्यम से नए पदाधिकारियों का चयन किया।


मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद घोषित परिणामों में दिलीप सुखदेवे पुरुष अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष के रूप में अजय रामटेके, महासचिव अनिल रामटेके, सचिव नितेश बाम्बेश्वर, संगठन सचिव देवानन्द दहीवेले, कोषाध्यक्ष संतोष मेश्राम, अंकेक्षक योगराज बोरकर तथा प्रचार-प्रसार सचिव के रूप में नरेन्द्र खोब्रागड़े निर्वाचित हुए।

महिला मंडल के चुनाव में चन्द्ररेखा नंदेश्वर पुनः अध्यक्ष चुनी गईं। महिला मंडल में उपाध्यक्ष भूमिका पाटिल, महासचिव सीमा रामटेके, सचिव अनिता ऊके, संगठन सचिव संगीता गायकवाड़, कोषाध्यक्ष ज्योत्सना मेश्राम, अंकेक्षक विद्या सहारे तथा प्रचार-प्रसार सचिव शारदा बाम्बेश्वर निर्वाचित हुईं।

चुनाव सम्पन्न होने के बाद आयोजित कार्यक्रम में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर समाज के विकास, संगठन की मजबूती तथा बौद्ध धम्म के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।







नव निर्वाचित अध्यक्ष दिलीप सुखदेवे ने कहा कि महासभा समाज के संगठन को मजबूत करने और युवाओं को धम्म के विचारों से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि समाज में शिक्षा, जागरूकता और सामाजिक एकता को बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महिला मंडल अध्यक्ष चन्द्ररेखा नंदेश्वर ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी समाज के विकास में महत्वपूर्ण है। महिला मंडल महिलाओं को जागरूक करने, सामाजिक गतिविधियों में उनकी सहभागिता बढ़ाने और समाज की नई पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने के लिए काम करेगा।

महासचिव अनिल रामटेके ने कहा कि महासभा आने वाले समय में सामाजिक एकता, शिक्षा और संगठन के विस्तार को प्राथमिकता देगी। वहीं संगठन सचिव देवानन्द दहीवेले ने सभी सदस्यों से मिलकर संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इस चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में मुख्य निर्वाचन अधिकारी हेमंत कान्डे, सहायक निर्वाचन अधिकारी बाबूलाल बौद्ध, गोरेलाल बाम्बेश्वर तथा ओम प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, संतोष सहारे, सुरेंद्र मेश्राम, भीमराव मेश्राम, अविनाश शेंडे, गोवर्धन रंगारी, गौतम रामटेके, देवेश मेश्राम, दीपक रंगारी, रमेश भगत, आर.बी. नायक, माया नोनहारे, रितु बाम्बेश्वर, ममता वाहने, मीरा बौद्ध, हिमा सुखदेवे, सीमा मेश्राम, नीतू अजय रामटेके, रंजना खोब्रागड़े, गणेशा बाई, मनीषा रामटेके, रंजना रामटेके सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएँ उपस्थित रहीं।

चुनाव और शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा समाज के लोगों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक रिकेश सेन का बड़ा आयोजन

# 22 हजार महिलाओं का हुआ सम्मान, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸भिलाई

- दशहरा मैदान में किया गया आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन द्वारा विधायक की शक्ति योजना के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन शांति नगर स्थित दशहरा मैदान में किया गया। इस आयोजन में विधानसभा क्षेत्र की लगभग 22 हजार महिलाओं ने शिरकत की, जिन्हें विधायक ने सम्मानित कर उपहार भेंट किए।

कार्यक्रम के दौरान विधायक रिकेश सेन ने मंच से उन महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जिन्होंने शिक्षा, समाज सेवा, स्वरोजगार और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। विधायक श्री सेन ने कहा कि महिलाएं समाज की असली शक्ति हैं। 'विधायक की शक्ति' योजना का उद्देश्य हर महिला को सशक्त, आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस कराना है। उपहार मिलने के बाद महिलाओं ने खुशी जाहिर की और विधायक की इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और वैशाली नगर विधानसभा के लोग उपस्थित रहे।





### विधायक ने मंच से किया सनसनीखेज खुलासा

कार्यक्रम के दौरान उस वक्त सनसनी फैल गई जब विधायक रिकेश सेन ने अपनी सुरक्षा और निजी जीवन को लेकर एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने सार्वजनिक रूप से बताया कि पिछले 2 वर्षों से कुछ असामाजिक तत्व उनकी हत्या की साजिश रच रहे थे। उन्होंने मंच से इस साजिश में शामिल चेहरों और उनके मंसूबों का जिक्र करते हुए स्पष्ट किया कि वे जनता की सेवा से पीछे नहीं हटेंगे।

# नकटा तालाब चढ़ा अतिक्रमण की भेंट, सीमांकन ना होने से सभी कर रहे अपना-अपना दावा

## तालाब की मेड़ को काटकर अवैध प्लॉटिंग, तालाब से निकाल दी गई कालोनी के लिए रोड, निगम और जिला प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम में जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 में कुरुद नकटा तालाब स्थित है। इस तालाब का निगम व जिला प्रशासन द्वारा संरक्षण नहीं किए जाने से ये अतिक्रमण की भेंट चढ़ता जा रहा है। निगम ने कई बार यहां तोड़फोड़ की कार्रवाई की है, लेकिन फिर से अतिक्रमणकारी वहां निर्माण कर दे रहे हैं। हालत यह हो गई है कि तालाब की मेड़ को काटकर अवैध कालोनी को जाने के लिए बाकायदा एक कच्ची रोड बना दी गई है।

कुरुद स्थित नकटा तालाब का क्षेत्रफल कई एकड़ का है। इसके तीन तरफ चौड़ी मेड़ है और एक तरफ मेड़ से लगता हुआ मुख्य मार्ग है। तालाब के सड़क की तरफ तो निगम ने मंच और पेवर ब्लॉक लगाकर तालाब को संरक्षित कर दिया है, लेकिन बाकी के तीन मेड़ का ना सीमांकन किया जा रहा है और ना ही उसके संरक्षण के लिए कोई कदम उठाया जा रहा है। वर्तमान में हालत यह हो गई है शिव शक्तिधाम मंदिर के बगल से जाने वाली सड़क के किनारे बने मकान मालिकों ने अपने घर के पीछे बाउंड्री को बढ़ा दिया है। उसके आगे एक भूमाफिया ने प्रीकास्ट करके बाउंड्रीवाल खड़ा कर दिया था। शिकायत करने पर निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने उसे तुड़वाया भी। तालाब के पीछे की तरफ से सुंदर दुर्गा मंदिर है, लेकिन इसके ठीक बगल से अतिक्रमण करके कुछ लोगों ने मकान बना लिया था, जिसे निगम की टीम ने तोड़ा और कब्जाधारकों को प्रधानमंत्री आवास भी दिया, लेकिन उसेक बाद भी उन लोगों ने फिर से वहां अपनी छोपड़ी बना ली है। वहीं मंदिर के दूसरी तरफ कई एकड़ जमीन में अवैध प्लॉटिंग की गई है। बिल्डर ने अपने लेआउट में तालाब की मेड़ से रास्ता दर्शाते हुए प्लॉट भी बेच दिया है, लेकिन निगम इस रास्ते को बंद करने पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### निगम का लाखों का पेवर ब्लॉक खराब

तालाब से रास्ता बना देने से यहां हर दिन कई ट्रकों का बिल्डिंग मटेरियल लेकर आना जाना हो रहा है। ट्रक के चलने से तालाब की मेड़ में लगे पेवर ब्लॉक भी टूट गए, जिससे निगम को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन निगम इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।इस बारे में जब निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय को मैसेज भेजकर और फोन लगाकर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।



### की जाएगी कार्रवाई




हमने तालाब के सीमांकन के लिए तहसील में पत्र भेजा था। सीमांकन का कार्य पूरा कर अब तक हमें इसकी रिपोर्ट नहीं दी गई है, जिससे की आगे की कार्रवाई की जा सके। रही बात तालाब से रास्ता निकालने की तो ये गलत है। इसकी जांच कर उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

-**येशा लहरे**, आयुक्त, जोन 2, नपानिभि

---

## खबर संक्षेप



### इन्फोर्समेंट ने सेक्टर 7 से हटाए अवैध कब्जे

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के इन्फोर्समेंट विभाग द्वारा टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया गया। सेक्टर–7 क्षेत्र में अवैध रूप से निर्मित गैरेजों एवं शेडों को हटाया गया। जहाँ टेंट, फल एवं केटरिंग व्यवसाय से संबंधित सामग्रियाँ रखकर भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। नेवई के पांडेपारा क्षेत्र में ईंटों से बनाए जा रहे तीन अवैध मकानों के ढांचे को ध्वस्त किया गया। दो ओर निर्मित बाउंड्री वाल को भी हटाया गया। इस क्षेत्र में लगभग 20 हजार वर्गफीट भूमि पर सुनियोजित रूप से अवैध प्लॉटिंग किए जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। कब्जाधारियों को शेष अवैध निर्माण स्वयं हटाने के लिए आगाह किया गया है। उनके विरुद्ध आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बेदखली अभियान के दौरान नेवई थाना पुलिस बल भी उपस्थित था।

### समानता के लिए संघर्ष करने का प्रण लेने का दिन है महिला दिवस

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सीटू द्वारा सेक्टर नौ अस्पताल और सीआईएसएफ के महिला कामगारों के लिए आयोजन किया गया। यूनियन ने कहा कि महिला दिवस को शुभकमाएं तक स सीमित रखने का दिन नहीं बल्कि असमानता के खिलाफ समानता के लिए संकल्प लेने का दिन है। सीटू नेता ने कहा कि हमारे देश की सरकार का नारा है\/"बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लेकिन इस नारे की असमानता एवं भेदभाव हर क्षेत्र में दिखता है। हमारा देश भी लैंगिक असमानता में 127 वें स्थान पर था जो 2024 में दो पायदान गिरकर 129वें स्थान पर पहुंच गया। अब 2025 की रिपोर्ट में 148 देश में भारत और दो पायदान नीचे गिरकर 131वें स्थान पर पहुंच गया है । इसके खिलाफ समानता के लिए संघर्ष जरूरी है। कार्ल मार्क्स ने 1864 में पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा था महिलाओं के बिना मजदूर वर्ग का आंदोलन नही हो सकता है।महिला दिवस महिलाओं के समानाधिकार के संघर्ष को तेज करने के लिए संकल्प लेने का दिवस है महिला दिवस को बहुत से लोग सिर्फ शुभकामनयों,बधाई तक सीमित रख देना चाहते है।

---

## नगर निगम प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही पर लोगों ने जताई नाराजगी

# 2.20 करोड़ से बना अंबेडकर भवन बना खंडहर, 20 लाख का सामान चोरी, अब तक एफआईआर नहीं

### जांच व संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

सुवांकर रॉय ▶▶| भिलाई

भिलाई तीन-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से बना अंबेडकर भवन आज बदहाली का शिकार है और खंडहर बन चुका है। करोड़ों रुपए से बने इस भवन से कई पंखे, ट्यूबलाइट और बल्ब समेत लगभग करीब 20 लाख रुपए का सामान चोरी हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े नुकसान के बाद भी अब तक थाने में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। इससे निगम प्रशासन की गंभीर लापरवाही सामने आई है। कई अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी वे सालों से चुप्पी साधे बैठे रहे। अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इस नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा और दोषियों पर कार्रवाई कब होगी।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 9 में वर्ष 2022 में करीब 2 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से अंबेडकर भवन का निर्माण किया गया था। करीब 15 हजार स्वायर फीट में बने इस भवन का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल माध्यम से किया था, लेकिन उद्घाटन के बाद से ही इस भवन की देखरेख पर ध्यान नहीं दिया गया। करोड़ों रुपए की लागत से बना अंबेडकर भवन आज बदहाली की कहानी बयां कर रहा है। करीब 2.20 करोड़ रुपए खर्च कर बनाए गए इस भवन की हालत अब खंडहर जैसी हो गई है। निगम प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के कारण यहां से लाखों रुपये के सामान चोरी हो चुके हैं। पिछले चार वर्षों में अज्ञात लोगों ने भवन में लगे 64 पंखे, 172 ट्यूबलाइट, 224 बल्ब, खिड़की में लगे कांच, दरवाजे और कई अन्य सामान चोरी कर लिए। चोरी हुए सामान की कुल कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। पंखा और बल्ब निकालने के चक्कर में अज्ञात लोगों ने भवन के पूरे सिलिंग को खबरा कर दिया है। चारों और कांच के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इतने बड़े नुकसान के बाद भी निगम प्रशासन की ओर से अब तक थाने में एफआईआर तक दर्ज नहीं कराई गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए की सरकारी संपत्ति की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह उदासीन नजर आ रहा है।



कमरे में लगे सभी पंखे गायब

### इन सामनों की हुई चोरी

| सामान | संख्या | प्रति नग (रुपए) | कुल (रुपए) |
|---|---|---|---|
| वाल फैन | 18 नग | 1503 | 27054 |
| सीलिंग फैन | 46 नग | 1503 | 69138 |
| ट्यूब लाइट | 70 नग | 172 | 12040 |
| 24 वाट बल्ब | 54 नग | 3500 | 189000 |
| 12 वाट बल्ब | 170 नग | 972 | 165240 |

**नोट :** चोरी किए गए सामानों की कुल कीमत 462472 रुपए, इसके अलावा बिजली उपकरण सहित कई और सामानों की भी चोरी हुई है।

### वार्डवासियों का फूटा गुस्सा



नगर निगम भिलाई-तीन चरोदा क्षेत्र में बने अंबेडकर भवन की बदहाली को लेकर अब स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वार्ड के निवासी बैजुराम यादव, सुबोध साव, प्रांजल यादव, अमन कुमार, राम नारायण मानिकपुरी, त्रिलोचना चक्रधर और सोनिया साव सहित अन्य लोगों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जनता के पैसों से करोड़ों रुपये खर्च कर अंबेडकर भवन बनाया गया था। स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि इस भवन का उपयोग शादी-समारोह, सामाजिक कार्यक्रम और अन्य आयोजनों के लिए किया जाएगा, लेकिन उद्घाटन के बाद से ही इसकी देखरेख नहीं की गई। वार्डवासियों का आरोप है कि रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे भवन के पंखे, लाइट और अन्य सामान चोरी होते गए और आज स्थिति यह है कि करोड़ों रुपये का भवन खंडहर में बदल गया है। लोगों का सवाल है कि जब सरकारी धन से यह भवन बनाया गया था तो इसकी सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी किसकी थी। वार्डवासियों ने निगम प्रशासन से पूरे मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### असामाजिक तत्वों का अड्डा, बिखरा पड़ा है नशे का सामान



अंबेडकर भवन इन दिनों बदहाली और असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। जब हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंची तो भवन की हालत बेहद चिंताजनक नजर आई। भवन के कई दरवाजे टूटे पड़े थे, जबकि कुछ दरवाजे पूरी तरह गायब थे। खिड़कियों में लगे कांच के शीशे भी टूटे हुए मिले और कई जगह से चोरी हो चुके थे। भवन के अंदर बने सभी कमरों से पंखे, लाइट और बिजली के बोर्ड तक गायब थे। टीम जब छत पर पहुंची तो वहां शराब की बोतलें, डिस्पोजल गिलास, चखना के पैकेट, पानी के पाउच और गांजा पीने का सामान बिखरा पड़ा मिला। लोगों ने बताया कि शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा शुरू हो जाता है। कई बार रात में युवक-युवतियों को यहां आते और देर रात तक समय बिताते देखा गया है। कुछ साल पहले इसी अंबेडकर भवन में एक युवक ने युवती पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### निरीक्षण के बाद अपराध दर्ज कराया जाएगा

" अंबेडकर भवन में इतनी बड़ी चोरी की जानकारी हरिभूमि के माध्यम से मिली है। मामला गंभीर है। जल्द ही मौके का निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के बाद संबंधित थाने में अपराध दर्ज कराया जाएगा और पूरे मामले की जांच कराई जाएगी।

**डीएस राजपूत**
आयुक्त, नगर निगम भिलाईतीन-चरोदा

### जिम्मेदारों पर हो कठोर कार्रवाई

" है। शहर सरकार की उदासीनता और लापरवाही के कारण करोड़ों रुपए की लागत से बना यह भवन देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया है और यहां से लाखों रुपये के सामान चोरी होने की बात भी सामने आई है। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। अगर समय रहते भवन की देखरेख की जाती तो आज करोड़ों रुपये की संपत्ति इस हालत में नहीं पहुंचती।

**राम खिलावन वर्मा**
नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम भिलाईतीन-चरोदा

---

## अफीम की खेती मामले में आप ने हाई कोर्ट के जज से की जांच कराने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ राज्यपाल के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आम आदमी पार्टी आप जिला दुर्ग की टीम ने समोदा गांव में करोड़ों रुपए की अफीम खेती के खुलासे पर प्रदेश की भाजपा सरकार और जिला प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर इस पूरे प्रकरण की जांच हाई कोर्ट के सिटिंग जज की कमेटी से कराने की मांग की है।

मेहरबान सिंह ने कहा कि 8 करोड़ रुपए की अफीम की खेती कोई एक दिन का खेल नहीं है। यह महीनों की मेहनत का नतीजा है। जब शासन-प्रशासन धान खरीदी के लिए एक-एक एकड़ खेत का सर्वे कर रहा था, तब उन्हें यह अफीम क्यों नहीं दिखी? यह इंटेलिजेंस और जिला प्रशासन की विफलता है। आप नेता जसप्रीत सिंह ने कहा कि जो सरकार ड्रोन सर्वे का ढिंढोरा पीटती है, वह अफीम की लहलहाती फसल क्यों नहीं पहचान पाई? मनीष मिश्रा ने कहा कि जिन 5-6 लोगों को पकड़ा गया है, वे केवल मोहरे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान मेहरबान सिंह, मनीष मिश्रा, सोनू यादव, मुकेश, सुजाता, के. ज्योति, सूरज, छवि देवांगन, सूरज साहू, जसप्रीत आदि उपस्थित थे।

## औद्योगिक सुरक्षा के प्रति सजग और सतर्क रहें श्रमिक और कर्मचारी



**भिलाई।** कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्टलरिज लिमिटेड में 55 वां राष्ट्र सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। संस्थान परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रमिक और कर्मचारी उपस्थित हुए। सभी श्रमिकों को औद्योगिक सुरक्षा के प्रति सजग और सतर्क रहने विभिन्न प्रकार के सुरक्षा उपाय के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति प्रोतसाहित करने इनामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलभ केडिया, राजेश गौतम, आनंद राय, बीके सिंह, मानसिंह, केएल मढरिया, सपन घटक, प्रविण शुक्ला थे। कार्यक्रम का संचालन मानेश कुमार साहू और अमित दीक्षित ने आभार व्यक्त किया।

---

## सीटू ने संयंत्र के सभी जोन की महिला कर्मियों को कलम भेंट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सीटू ने महिला दिवस के दूसरे दिन कार्यालय एवं संयंत्र पहुंची महिलाओं के साथ मुलाकात कर उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संघर्षों का संदेश दिया। मिल जोन, मैकेनिक जोन, मेडिकल जोन, नॉन वर्क्स जोन, स्टील जोन, आयरन जोन, सर्विसेज जोन, कोक ओवन जोन एवं पावर एंड एनर्जी जोन में कार्य करने वाली महिला कर्मियों को मुलाकात कर कलम भेंट किया।

सीटू के महासचिव टी जोगा राव ने कहां कि आज के तारीख में संयंत्र एवं उसके कार्यालयों पर नजर डाला जाए तो हम पाते हैं कि अस्पताल में तो लोगों के जीवन बचाने के लिए नारी शक्ति कार्य कर ही रही है साथ ही साथ इस्पात भवन, संयंत्र के सभी कार्मिक विभाग, संयंत्र के अधिकांश स्टोर्स, फाइनेंस, कंप्यूटर क्षेत्र से लेकर मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल विभागों में भी महिलाएं टेक्नीशियन के रूप में भी कार्य कर रही है। सीटू नेताओं ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में भी जहां महिलाओं को शाम 6 बजे के बाद कारखाने में काम करने पर प्रतिबंध है वहां पर अब सरकार श्रम कानून में बदलाव कर रात्रि पाली में भी महिलाओं से काम करवाना चाहती है। यह महिलाओं के श्रम का शोषण के सिवा और कुछ भी नहीं है क्योंकि रात्रि पाली वाले कानून में सरकार एक तरफ कह रही है कि महिलाओं की इच्छा के विरुद्ध उनसे रात्रि पाली में ड्यूटी नहीं कर पाएगा ।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तीन की नई टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तीन अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के अनुमोदन के बाद नई टीम का गठन किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने बताया कि उपाध्यक्ष अनुप्रिया अपाले, ख्वाजा अहमद, के वेंकट राव, आशीष यादव, कैलाश मोहंती, जी रवि, महामंत्री धीरेन्द्र मिश्रा, कुलजीत सिंह,राजेन्द्र सिंग, बसंत साहू, वीर शर्मा, अरुणा राव, ओमनाथ नेताम, अंचल चौबे, अमित उपाध्याय, परसराम, संयुक्त महामंत्री दीपक रुद्रा, विश्वनाथ पंडा, शबाना कुरैशी, श्रवण शर्मा, पी शंकर राव, नंद यादव, ए पुष्पावटी, मोना कुर्रे, डोमेश देशमुख,सुरेश श्याम कंवर, कोषाध्यक्ष आकाश यादव और प्रवक्ता सज्जाद हसन समेत अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा सचिव सात, प्रचार महामंत्री चार और एक कानूनी सलाहकार प्रणय गाडगे को बनाया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष मिश्रा ने बताया कि नई कार्यकारिणी में संगठन के सक्रिय, समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है।

---

समक्षः-श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय
गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)
// शपथ-पत्र //

मैं शपथकर्ता युवराज उम्र 45 वर्ष पिता श्री गणेश राम, पता-वार्ड नं. 16, भाटापारा सोरर, पो.- सोरर, तहसील गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.) पिनकोड- 491227 का निवासी हूं जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।
2. यह कि, मेरे आधार कार्ड क्र. XXXXXXXX7308 में मेरा नाम अंग्रेजी के वर्णमाला में YUVRAJ दर्ज है। मेरे आधार कार्ड में मेरा वास्तविक नाम अंग्रेजी के वर्णमाला में YOUVRAJ लेख किया जावे।
3. यह कि, मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अंग्रेजी के वर्णमाला में YOUVRAJ दर्ज है।
4. यह कि, उपरोक्त नाम परिवर्तन हेतु भारत सरकार की नियमावली के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष उपरोक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत कर मूल प्रति कार्यालय उप संचालक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव, छ.ग. में आवेदन के साथ जमा कराना है।

शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 01 से 04 तक की लिखी बात मेरी जानकारी के अनुसार सही है जिसे आज दिनांक 09.03.2026 को स्थान गुरूर में पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

युवराज
शपथकर्ता

## पेज 9 का शेष

### सड़क पर ओवरलोड वाहनों ...

स्थानीय लोगों में भयंकर आक्रोश देखने को मिल रहा हैः स्थानीय नागरिकों चेतन कुमार, विश्वास सिंह,आकाश कुमार, रोहित शर्मा ने बताया कि शहर में दिन-रात भारी ओवरलोड ट्रक और हाईवा दौड़ते रहते हैं। कई बार वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ जाता है। दीपक कुमार, प्रकाश कुमार स्थानीय नागरिक ने कहा कि ओवरलोड गाड़ियों पर यदि सख्ती से कार्रवाई की जाए तो सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी आ सकती है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

**दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रही ओवरलोडिंगः** ट्रांसपोर्टिंग से जुड़े लोगों के अनुसार ओवरलोड वाहनों से वाहन का संतुलन बिगड़ जाता है, ब्रेकिंग सिस्टम पर दबाव बढ़ जाता है और लगातार दुर्घटनाएं होती है।

### सांस्कृतिक भवन निर्माण के ...

आवश्यक राशि प्रदान करने हेतु सांसद पर से सहयोग की पर मांग की गई है। गायत्री परिवार के सदस्यों ने आशा व्यक्त की है कि सांसद भोजराज नाग समाज हित के इस महत्वपूर्ण कार्य में सकारात्मक पहल करते हुए सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए सहयोग प्रदान करेंगे, जिससे क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक जागरण को नई दिशा मिल सके।

### संत श्री निरंजन ने राजा ....

जी का आगमन हुआ। उन्होंने राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुनाई और उन्हें भक्ति एवं मोक्ष का मार्ग बताया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्त भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में मुख्य यजमानों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### उपजेल बालोद में नशा मुक्ति ...

आता है उससे सबसे ज्यादा दुखी पीड़ित महिलाएं होती है। नशा दलदल की तरह है जितना ज्यादा घुसता है वह फंसता जाता निकल नहीं पाता। नशा करेंट की तरह होता है जब तक जीवन को पूरी तरह बर्बाद नहीं करता तब तक छोड़ता नहीं है। नशे को नशे से काटा जाता है। इस नशे को परमात्म संग के नशे की ओर ले जाते है तो जीवन बदल जाता है आध्यात्मिकता को अपनाने से जीवन जीने की कला आ जाती है।

## कार्यकर्ताओं ने पार्टी की रीति नीति पर चलने का लिया संकल्प

**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी की प्रथम बैठक उज्जवल मंगल भवन कोहका में हुई। नई कार्यकारिणी ने वरिष्ठ नेताओं के समक्ष पार्टी की रीति नीति पर चलने का संकल्प लिया। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पूर्व गृह मंत्री साहू ने कार्यकारिणी के सभी महिला पदाधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने अपने उद्बोधन से किया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सहयोग राशि दी गई

**गुरूर।** सरपंच ग्राम पंचायत सरबदा द्वारा श्रद्धाजली योजना के तहत निर्मला बाई को उनके पति कमलेश कुमार साहू के निधन होने पर उनके निवास पहुंचकर सहयोग राशि सरपंच द्वारा प्रदान की गई।

### कुसुमकसा में कला मंच का किया भूमिपूजन



**कुसुमकसा।** ग्राम पंचायत कुसुमकसा मे जनपद निधि से स्वीकृति 2.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले कला मंच का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर जनपद सदस्य मंजू संजय बैंस के हाथों सम्पन्न हुआ। इस मंच पर विघ्नहर्ता और दुर्गा विराजते है। उनके दिव्य स्थान को उचित बनाकर मोहल्ले को समर्पित करना है। इस अवसर पर सौरभ लुनिया महामंत्री भाजपा जिला बालोद, मुकेश कोडो अध्यक्ष जनपद पंचायत डोंडी, वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम ग्राम पंचायत कुसुमकसा, योगेंद्र सिन्हा अध्यक्ष भाजपा मंडल उपसरपंच नितिन जैन शाहिस्ता बेगम, ज्योति यादव, संतोष जैन, सुगरा बेगम, हेम लाल, कोमल सिंह हिड़को, निर्मला जगनायक, सीता बाई चुरेंद्र कुमारी मंडावी, चित्ररेखा मरकाम, ख़ेमिन निर्मलकर, सहित गांव के गणमान्य उपस्थित रहे।

### रामनवमी व हिन्दू नववर्ष पर गुरूर में निकलेगी शोभायात्रा

**गुरूर।** श्री राम जन्म उत्सव समिति गुरूर द्वारा रामनवमी व हिन्दू नववर्ष के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। 27 मार्च को शोभायात्रा दोपहर 2 बजे श्री राम जानकी मंदिर से निकलेगी। जो नगर का भ्रमण करते हुए पुनः श्री राम जानकी मंदिर पहुंचकर उसका समापन होगा। शोभायात्रा में भगवान श्री राम चन्द्र जी, माता जानकी, भाई लक्ष्मण एवं महाबली हनुमान जी की झाकिया रहेंगी। इसके अतिरिक्त शोभायात्रा के दौरान रामधुनी सहित अन्य प्रस्तुतीयां होंगी।

### हरिकीर्तन का आयोजन 14 मार्च से

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम दनिया सिकोसा में 14 और 15 मार्च को कामता प्रसाद शरण के हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

### लाटाबोड़ में सत्संग महोत्सव 13 से

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक के ग्राम लाटाबोड़ में समस्त सत्संगीगण एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय महर्षि मुक्त सत्संग महोत्सव का आयोजन 13 से 15 मार्च तक श्रद्धेय डॉ सत्यानंद महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। ग्रामीण डोमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया उक्त कार्यक्रम खपरी रोड शिशुमंदिर प्रांगण में दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक संपन्न होगा।

आयोजन : कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व पदाधिकारी रहे उपस्थित

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के अवसर पर सभी महिलाओं को गायत्री शक्तिपीठ गुरुर के पदाधिकारीयों द्वारा बिंदी, मेहंदी, नेल पालिस, मंत्र लेखन पुस्तिका, प्रज्ञाभियान पाक्षिक प्रदान कर सभी महिलाओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर निधि टुवानी ने कहा कि आज भारतीय नारी भी राजनीति सामाजिक और पारिवारिक गतिविधि तथा चाहे खेल हो या विमान और ट्रेन चलाने में आगे बढ़ रही है मैं भी पौधारोपण का अभियान चल रही हूं, इसमें आप सभी सहयोग प्रदान करें और इस धरती को हरा-भरा करने में सहयोग प्रदान करें। रुखमती हरिकृष्ण गंजीर ने कहा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सभी माताओं को ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। साथ ही साथ पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर घर परिवार देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाने लगी है, संस्कार की प्रधानता के साथ महिलाएं कदम बढ़ाए और कहा नारी तू नारायणी की वेद वाक्य को ध्यान रखकर महिलाएं काम करें गांव देश घर परिवार के विकास में नारी की सहायता गौरव पूर्ण इतिहास लिखती चली जाएगी, जीवन की रथ में एक पहिया पुरुष तो दूसरी पहिया महिलाएं होती है और दोनों की समझदारी से सारा संसार व्यवस्थित चलती है रथ के दोनों पहिया सलामत रहे उनके लिए समर्पण अवश्य होना चाहिए। अहंकार से बचना चाहिए दोनों में कोई कमजोर ना समझे किसी को, तभी जीवन अच्छी तरह चलेंगी।

महिला संयोजिका अनुसूईया साहू ने कहा हम सभी माताओं, बहनों को घर परिवार के साथ समाज में भी अग्रणी स्थान रखना चाहिए और अपने-अपने बच्चों को अच्छे से संस्कार देना चाहिए तभी हमारी जिंदगी बेहतर चलेगा।



**इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ जिला बालोद के अध्यक्ष बीएस अटनागर, गायत्री शक्तिपीठ गुरुर के संयोजक धन सिंग गंजीर, सह संयोजक डॉ गोपाल साहू, रोहित साहू, दिलीप निर्मलकर, डॉ डीएल गंजीर, द्वारिका नाथ ठाकुर, सालिक साहू, वाईके साहू, जगमोहन साहू, लेख राम साहू, रामू राम सिंह, डॉ जेआर साहू, वेद प्रकाश साहू, दानीराम विश्वकर्मा एवं गायत्री शक्तिपीठ गुरुर के महिला संयोजीका अनुसूया साहू, जिला सह संयोजिका लेखा साहू, वरिष्ठ महिला कार्यकर्ता हेमपुष्पा हेमलता साहू, निधि ग्वाल, चित्रलेखा नागवंशी, तोरण साहू, उषा गंजीर, गायत्री शक्तिपीठ गुरुर के समस्त महिला मंडल के सदस्य समस्त माताएं बहने एवं वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

## मेढ़की में मना महिला दिवस, स्वच्छता, नशामुक्ति और गांव के विकास में सहभागिता का दिया संदेश



**बालोद।** ग्रापं ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू के प्रयास से आश्रित ग्राम मेढ़की में दूसरे वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संस्था के महिलाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शमशाद बेगम रहे। अध्यक्षता सेवा सहकारी समिति मेढ़की अध्यक्ष गुणवंत लाल श्रीवास्तव ने की। विशिष्ट अतिथि धनराज साहू, टहल साहू, बालक साहू, होरीलाल, गजपाल, पटवारी तरन्नुम खान, रतिराम साहू, बेदबाई साहू, नीतू सार्वा, रोशनी साहू, संतोष साहू, सगुना साहू, चंचल साहू, रफीक खान है। शमशाद बेगम ने कहा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान का अधिकार दिवस है, उन्होंने कहा कि नारी अब घर चलाने के अलावा गांव और परिवार को विकास के लिए आगे बढ़ा रहे हैं, उन्होंने नशा मुक्ति के क्षेत्र में काम करने की बात कही। गांव के बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि मंजूलता परस साहू के सुशासन में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम देखने को मिल रहा है। सरपंच एवं ग्राम पंचायत के कार्यों से लोगों में काफी खुशी का माहौल है।

■ महिलाओं के सम्मान और सामाजिक योगदान पर जोर

**घर परिवार और गांव के विकास में दें सहभागिताः सरपंच**

सरपंच मंजूलता ने कहा कि आज का दिन महिलाओं के लिए विशेष है। हर महिला अपने जिम्मेदारी का परिचय देकर घर परिवार और गांव के विकास के लिए अपना सहभागिता जरूर दें। गांव में स्वच्छता, नशा मुक्ति, पौधारोपण एवं नारी उत्थान व नारी सम्मान के बारे में अपनी उद्बोधन में सरपंच ने कहा जब तक मैं सरपंच रहूंगी तब तक आप सभी के सम्मान में कोई समय नहीं होगी। एक साल में गांव के विकास को आगे बढ़ाने में आप समस्त जनता का बहुत बड़ा सहयोग ग्राम पंचायत को मिला है।

## भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित



**बालोद।** भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग दानीटोला बालोद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को रैली के माध्यम से उनके अधिकार के बारे में बताया गया। इस अवसर पर उनके समाज के प्रति महत्वपूर्ण योगदान की सराहना भी की गई। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता, डांस, नाटक, भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्रओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं और रचनात्मकता को व्यक्त करने का अवसर मिला। विद्यार्थियों ने महिला सशक्तिकरण और सम्मान को दर्शाती हुई सुंदर रंगोलियां बनाईं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करना तथा समाज में उनके योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। अंत में सभी ने महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। यह समस्त कार्यक्रम नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डेनियल दीपक मसीह एवं समस्त शिक्षक शिक्षिका के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## महिला किसान थीम पर हुआ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम

**बालोद।** जिले के डौंडी लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम हितापठार में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन महिला किसान थीम पर किया गया। यह कार्यक्रम सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट के माध्यम से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं किसान शामिल हुए।

■ जैविक खेती को बढ़ावा देने वाले स्व सहायता समूहों का हुआ सम्मान



कार्यक्रम की शुरुआत एसआईआरडी के सचिव एसके. खरे द्वारा सभी अतिथियों और ग्रामीणों के स्वागत से हुई। उन्होंने क्षेत्र में संचालित जलग्रहण एवं हरित विकास कार्यों की जानकारी देते हुए महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को ग्रामीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरसेट के स्टेट डायरेक्टर अशोक सिंह ने गाँव में ही सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त होने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी की स्टेट हेड मंजीत बल ने सभी महिला किसानों को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सौभाग्य रंजन साहू ने महिला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट द्वारा आस्था स्व सहायता समूह कमकापार एवं बूढ़ादेव स्व सहायता समूह हितापठार को सम्मानित किया गया। दोनों समूह जैविक कीटनाशक एवं जैविक खाद का उत्पादन कर लगभग 800 किसानों को जैविक उत्पाद उपलब्ध करा चुके हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में महिला विकास के कार्यों में सक्रिय 10 महिलाओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अध्यक्ष, जलग्रहण समिति हितापठार पुनीतराम गोटा एवं अध्यक्ष, जलग्रहण समिति कमकापार संतराम खरे को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आरसेटी के जिला अधिकारी हेमंत ने भी सिलाई प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि नाबार्ड द्वारा दोनों जलग्रहण परियोजनाओं के अंतर्गत महिलाओं को 25 सिलाई मशीनें प्रदान की गई हैं, जिससे उन्हें स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने लोक एवं पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी खुशी व्यक्त की।

अंत में परियोजना प्रभारी सतेन्द्र कुमार सिन्हा ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला समन्वयक प्रतिमा साहू, सौरभ दास, रोशन लाल, पन्ना लाल तथा जलग्रहण समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

## महिला दिवस पर त्रिदिनी हुआ वर्चुअल कवयित्री सम्मेलन



**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय सखी सुलेखनी साहित्य मंच द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वर्चुअल त्रिदिवसीय भव्य कवयित्री सम्मेलन ऑनलाइन 6 से 8 मार्च को आयोजित किया गया। यह आयोजन मंच संस्थापिका अध्यक्ष डॉ गीता विश्वकर्मा नेह बालोद छत्तीसगढ़ के सानिध्य में सह संस्थापिका उपाध्यक्ष सीमा गर्ग मंजरी, सचिव डॉ संजीदा खानम शाहीन के संयोजन में किया गया।

जहां 6 मार्च को प्रथम दिवस मुख्य अतिथि कविता पंथ थी। अध्यक्षता डॉ प्रणव भारती ने किया। विशिष्ट अथिति प्रो लता चौहान, संचालन डॉ सुशीला जोशी, डॉ राधा गोयल, डॉ नीतू दाधीच व्यास, ज्योति राजपुरोहित, मंजरी श्रीवास्तव लज्जा, सविता कुमारी, संध्या श्रीवास्तव सांझ ने प्रस्तुतियां दी। द्वितीय दिवस 07 मार्च को मुख्य अतिथि विजया ठाकुर थी। अध्यक्षता डॉ कनक लता तिवारी ने किया। विशिष्ट अथिति सीमा पाण्डेय, संचालन सीमा गर्ग मंजरी ने किया। पुष्पलता भार्गव सुनंदा, अलका गुप्ता भारती, सरोज चौपड़ा, वंदना श्रीवास्तव वंदु, डॉ ऋतु अग्रवाल, कविता जैन कुहुक कोरबा, डॉ संजीदा खानम, कविता झा ने काव्य प्रस्तुति के रंग बिखरे और एक से बढ़कर एक रचनाएं पढ़ी।

तृतीय दिवस 08 मार्च को मुख्य अतिथि प्रमिला कौशिक थी। अध्यक्षता कमलेश मलिक ने किया। विशिष्ट अथिति डॉ मधु स्वामी, संचालन ऊषा सक्सेना, डॉ सुदेश भाटिया विद्यासागर, संपति चौरे स्वाति, अनीता दुबे, डॉ शशि जायसवाल, आशा दिनकर, सरस्वती मल्लिक, मंजूषा दुग्गल करणाल ने काव्य की धारा बहाई।

## मनरेगा में काम नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**गुण्डरदेही।** ग्राम साजा के सैकड़ो ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत काम नहीं मिलने से नाराज चल रहे है। नाराज ग्रामीणों ने आप नेता जसवंत सिन्हा के कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या बताई।

ग्रामीणो ने सिन्हा को बताया कि खेती किसानी के बाद से रोजगार नही मिल पा रहा है, जिसके कारण वर्तमान मे आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव मे रोजगार उपलब्ध कराने सरपंच, सचिव से भी मिलकर गुहार लगाई है। ग्रामीणो के साथ सिन्हा ने जनपद कार्यालय पहुंचकर संबंधित अधिकारी को मनरेगा के तहत कार्य उपलब्ध कराने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सिन्हा ने विभागीय अधिकारी को मनरेगा के तहत जल्द कार्य उपलब्ध कराने को कहा ताकि सभी जरूरतमंद लोगों को रोजगार मिल सके।



## जिला रोजगार कार्यालय में 17 मार्च को प्लेसमेंट कैंप

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 17 मार्च को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि प्लेसमेंट में कुल 03 नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।

उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में नियोजक चौहान ऑटो मोबाईल सिवनी बालोद द्वारा सेल्स एक्सीक्यूटिव के 03, सर्विस एडवाईजर के 03, टेक्नीशयन के 02, ड्राईवर के 01 एवं स्पेयर पार्ट पीकर के 02 पदों पर भतएँ की जाएगी। जिसमें सेल्स एक्सीक्यूटिव हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह सर्विस एडवाईजर हेतु शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा मैकेनिकल अथवा इले्ट्रिकल एवं आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह टेक्निशियन हेतु शैक्षणिक योग्यता आईटीआई डीजल मेकेनिक एवं आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह ड्राईवर हेतु 10वीं एवं आयु 18 से 35 वर्ष तथा स्पेयर पार्ट पीकर हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं एवं आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह नियोजक स्वतंत्र माईक्रोफाइसेंस लिमिटेड रायपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर के 30 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह कलेक्शन ऑफिसर के 10 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित है।

इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरीटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 100 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 8वीं एवं 12वीं, एकाउंटेट के 02 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता बीकॉम, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पद हेतु स्नातक एवं 02 वर्ष का अनुभव तथा टेक्निशियन के 08 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता आईटीआई उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त पद हेतु आयु 20 से 40 वर्ष निर्धारित है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इसके साथ ही उक्त संबंध में अधिक जानकारी वेबसाईट ई रोजगार सीजी डॉट जीओवी डॉट इन या जिला रोजगार कार्यालय बालोद अथवा कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### पेंशनर की मासिक बैठक 11 आज

**गुरूर।** छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर की मासिक बैठक 11 मार्च बुधवार को दोपहर 01 बजे से प्राथमिक विद्यालय भवन पुरुर में आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ राज्य पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया बैठक में आय-व्यय की समीक्षा, नये सदस्यों की अभिनन्दन, सन 2026 के सदस्यता अभियान की समीक्षा, होली मिलन पर विचार अभिव्यक्ति, पेंशनरों के समस्याओं के समाधान पर विचार, समसामयिक अन्य प्रस्ताव, दिवंगत पेंशनरों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ स्वास्थ्य शिविर

## विश्व महिला दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर, कैंसर जांच व जागरूकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

विश्व महिला दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी. के. बेलचंदन के निर्देशन में सिविल अस्पताल नगपुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलेश्वरी सुखदेव देवांगन (अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग), सुश्री प्रिया साहू (सभापति, जिला पंचायत दुर्ग), गिरीश साहू (जिला मंत्री भाजपा दुर्ग) तथा ग्राम पंचायत नगपुरा की सरपंच सरोज रिगरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। इस अवसर पर ज्योति ध्रुव (बी.ई.टी.ओ.), एस.आर. रंगाटी निकुम अस्पताल के समस्त स्टॉफ, मितानिन कार्यकर्ता, महिला हितग्राही सहित अन्य मरीज भी मौजूद रहे।कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. डी. के. बेलचंदन ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में होने वाले गर्भाशय कैंसर, स्तन कैंसर एवं मुंह के कैंसर की प्राथमिक जांच करना तथा महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने महिलाओं को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित भी किया।

■ गर्भाशय, स्तन और मुंह के कैंसर की जांच के साथ महिलाओं को किया गया



### विविध स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी

स्वास्थ्य शिविर में आयुष्मान वंदन कार्ड से इलाज कराने के फायदे के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे व्यक्तियों के छूटे हुए कार्ड बनाए गए। इसके अलावा आभा आईडी जनरेट की गई, सिकल सेल जांच, बीपी, शुगर, दांतों की जांच सहित महिलाओं एवं अन्य लोगों में होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए उनकी जांच की गई। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं और ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

